मैं सत्य निष्ठा से शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि :–

- मैंने आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा ग्रुप–4 की प्रवेश नीति 2023–24 के विभिन्न नियमों/निर्देशों, संबंधित विश्वविद्यालय के निर्देशों के समस्त नियमों का अध्ययन कर लिया है तथा ये मुझे स्वीकार्य हैं तथा मैं इन समस्त नियमों का पालन करूंगा/करूंगी ।
- मुझे यह ज्ञान हैं कि यह आवेदन मेरे द्वारा चुने गये पाठ्यक्रम की सम्पूर्ण अवधि हेतु किया जा रहा है। प्रवेश पाने की स्थिति में मैं आगामी वर्षों में प्रवेश नियमों के अनुसार निर्धारित तिथि से पूर्ण शुल्क जमा कराता रहूंगा/रहूंगी तथा ऐसा न करने पर विश्वविद्यालय प्रशासन मेरे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने को अधिकृत होगा।
- यदि मुझे पूर्व कक्षा की परीक्षा में विश्वविद्यालय द्वारा अनुत्तीर्ण घोषित किया जाता है तो विश्वविद्यालय मेरा प्रवेश निरस्त किये जाने हेतु अधिकृत होगा तथा मैं अगली कक्षा में दिये गये प्रवेश के संबंध में किसी प्रकार का दावा/वाद नहीं करूंगा/करूंगी।
- मैं विश्वविद्यालय की सम्पत्ति को क्षति नहीं पहुंचाऊंगा/ पहुंचाऊंगी।
- मैंने गत वर्षों में अनुशासनहीनता का कोई कृत्य नहीं किया है। मेरे विरूद्ध किसी भी न्यायालय में न कोई परिवाद लम्बित है और न ही मुझे दोषी घोषित किया गया है।
- मैंने रेगिंग निषेध संबंधित नियमों व निर्देशों को पूरी तरह से समझ लिया है। मैं रेगिंग जैसे आपराधिक कृत्य में न तो पूर्व में संलिप्त रहा/रही हूं और न ही भविष्य में रहूंगा/रहूंगी यदि ऐसे कृत्य में संलिप्त पाया/पायी जाती हूं तो मेरा प्रवेश स्वतः ही निरस्त माना जायेगा व मेरे खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
- मैं प्रत्येक विषय के पेपरों में नियमानुसार न्यूनतम (75 प्रतिशत) उपस्थिति की अनिवार्यता विषयक प्रावधान का पालन करूंगा/करूंगी, मुझे यह ज्ञान है कि मेरी उपस्थिति न्यूनतम होने की स्थिति में मेरे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
- मैं सेवा में नहीं हूं तथा में विश्वविद्यालय में नियमित रूप से अध्ययन करूंगा/करूंगी और मैं सत्र पर्यन्त किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी या निजी संस्था में वेतनिक/संविदा कार्य नहीं करूंगा/करूंगी।
- यदि मैं सेवा में हूं तो मैं नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दूंगा/कर दूंगी।
- मैं विश्वविद्यालय परिसर में धूम्रपान/तम्बाकू निषेध संबंधी नियमों का पालन करूंगा/करूंगी।
- मैं समानान्तर रूप से किसी अन्य महाविद्यालय में अध्ययनरत नहीं रहूंगा/रहूंगी।
- मुझे विदित है कि प्रवेश सूचनाओं के लिए अन्य विकल्पों के साथ एसएमएस भी एक सुविधा है, अधिकार नहीं।
- मैं प्रवेश संबंधी सूचनाओं के लिए विश्वविद्यालय के निरन्तर सम्पर्क में रहूंगा/रहूंगी।
- ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय मेरे द्वारा अपलोड किये गये समस्त दस्तावेजों को मैंने जांच लिया है और वे सही हैं इस आवेदन पत्र में मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी सत्य पूर्णतया सही हैं यदि मेरे द्वारा अपूर्ण गलत सूचना दी जाती है अथवा अपठनीय दस्तावेज अपलोड किये जाते हैं तथा इनके कारण मुझे कोई लाभ/आरक्षण/प्रवेश नहीं दिया जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।
- यदि कोई भी तथ्य गलत/अपूर्ण पाया जाता है तो मेरा प्रवेश स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।

दिनांक   नाम व हस्ताक्षर अभ्यर्थी